# पाठ - 9. वैश्वीकरण

## अध्याय-समीक्षा

---

- बीसवीं शताब्दी के अंतिम 10 वर्षो में एक परिवार,एक राज्य,एक विश्व की भवना का विकास हुआ | यह भावना वैश्वीकरण कहलाती है अर्थात विश्व एकीकरण की भवना वैश्वीकरण है |
- वैश्वीकरण - विश्व के देशो का सामाजिक,आर्थिक,राजनीतिक मेल मिलाप | व्यक्ति वस्तु विचार, पूजी का एक देश में मुक्त प्रवाह | वैश्वीकरण न पूर्णत: न पूर्णत: राजनीतिक, न पूर्णत: सामाजिक मेल है बलिक इन सबका मिला जुला प्रभाव है |
- वैश्वीकरना की विशेषताए :-
  1. आपसी जुड़ाव पर बल
  2. आपसी जुड़ाव से हितों में समानता
  3. आपसी जुड़ाव से सांस्कृतिक में अंत: क्रिया
  4. प्रवाह में गति शीलता
  5. उदार पूंजीवादी व्यवस्था को बढ़ावा
  6. साझा बाजार को बढ़ावा
  7. वैश्विक समस्याओ का हल, वैश्विक सहयोग
- वैश्वीकरण के कारण :-
  1. विज्ञान व तकनीक का विकास
  2. देशों की आपसी निर्भरता
  3. वैश्वित घटनाओ का वैश्वित प्रभाव
  4. परिवहन तथा संचार साधनों में उन्नति
  5. उदारीकरण की नीति | बाजार व्यवस्था
  6. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा विश्व को एक बाजार बनाने का प्रयास
- वैश्वीकरण के राजनीतिक प्रभाव :-
  (A) सकारात्मक प्रभाव -
  1. सूचना तकनीक की उन्नति से राज्य की कार्य क्षमता में व्रीदी
  2. आंतरिक प्रशासन प्रभावशाली
  3. आपसी सहयोग से आतंकवाद पर अंकुश सभंव
  (B) नकारात्मक प्रभाव -
  1. कल्याणकारी राज्य का स्थान उदारवादी राज्य ने लिया |
  2. अहस्तक्षेप की नीति से राज्य के कार्य क्षेत्र में कमी |
  3. बहुराष्ट्रीय नियमों के करण राज्य की विदेश नीति प्रभावित
  4. बहुराष्ट्रीय नियमों के कारण राज्य की सीमाओं पर नियन्त्रण प्रभावित |
- वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव :-
  (A) सकारात्मक प्रभाव -
  1. अन्तराष्ट्रीय आर्थिक संस्थाओं द्वारा आर्थिक नीतियों का निर्धारण
  2. आर्थिक प्रभाव बढ़ा
  3. खुलेपन के कारण गरीबी कम हुई
  4. समान व्यापारिक तथा क्षम नियमों से संतुलित आर्थिक विकास
  (B) नकारात्मक प्रभाव :-
  1. पूंजीवादी व्यवस्था से अमीरों की संख्या कम गरीबो की संख्या अधिक हुई
  2. सरकार ने गरीब व वंचित वर्गो के कल्याण कार्य व सुरक्षा कार्य कम हुई |
  3. आर्थिक संस्थाओ ने गरीब देशों के हितों की अनदेखी की |
  4. बहु राष्ट्रीय कम्पनिया से कुटीर उधोगों को नुकशान तथा बेरोजगारी बढी |
- आर्थिक परिणाम :-
  1. व्यापारिक प्रतिबंधो की कमी - देशों दवरा आयात वस्तु पर प्रतिबन्ध लगाते थे उसमे कमी होना और निवेशको दवरा दूसरे देशों में धन लगाकर अधिक मुनाफा प्राप्त करना |
  2. वीजा नीति - विकसित देश इस नीति दवरा अपने राष्ट्र कर सीमओं को अभेध बनाये रखते है ताकि दूसरे देश के नागरिक विकसित देशो में आकर नौकरी धन्धे न हथिया लें |

3. सामाजिक सुरक्षा कवच - इस नीति दवरा आर्थिक रूप से कमजोर तबको पर दुष्प्रभाव को कम करने की कोशिश की जायेगी |

- वैश्वीकरण के सामाजिक प्रभाव :-
  (A) सकारात्मक (लाभ) प्रभाव -
  1. विदेशी सांस्कृतियों के मेल से पसंदों का क्षेत्र बढ़ा |
  2. विशभूषा परिवर्तन
  3. मेल मिलाप से खाध व्यवस्था प्रभवित
  (B) नकारात्मक (हानि) प्रभाव -
  1. धनी देशों की सांस्कृति गरीब देशों के समाज पर प्रभावी
  2. सांस्कृति की मौलिकता समाप्त
  3. विकाशशील देशों की सांस्कृतिकयों का पश्चिमीकरण
  4. युवा पीढी में तनाव
- वैश्वीकरण का प्रतिरोध :- वामपंथी विचार के अनुसार वैश्वीकरण धनी वर्ग को बढ़ावा देकर धनी तथा गरीब के अंतर को बढ़ाया है | दक्षिण पंथी विचारक सांस्कृतिकयों की मौलिकता समाप्त तथा घरेलू उधोगों पर हुई बुरे प्रभाव के कारण वैश्वीकरण का विरोध करते है | विश्व स्तर वैश्वीकरण का विरोध करने के लिए World Social Forum नामक मंच बनाया गया है इस मंच की पहली बैठक 2001 में पोर्ट अलगोरे में हुई |
- ब्रिटीश भारत कच्चे मॉल का निर्यातक तथा तैयार मॉल का आयातक था | स्वतंत्रता के बाद घरेलू उधोगों को बढ़ावा देने के लिए संरक्षण वाद की नीति अपनाई गई परन्तु आर्थिक व्रीदी दर धीमी रही 1991 में विकास दर बढ़ाने के लिए आर्थिक सुधार कर विदेशी निवेश पर भारत में बल दिया गया |
- भारत निम्नलिखित तरीकों से वैश्वीकरण को प्रभावित कर रहा है भारत से लोग विदेशों में जाकर अपनी सांस्कृति एवं रीति - रिवाज को बढ़ावा डे रहे है  भारत में उपलब्ध सस्ते क्षम ने विश्व के देशों को अपनी और आकर्षित किया है | भारत ने कम्प्यूटर एवं प्रोधोगिकी के क्षेत्र में तीर्व प्रगती करके अपना प्रभुंत्व जमाया है
- भारत व वैश्वीकरण का विरोध :- सामाजिक आंदोलनों तथा वामपथी विचारकों ने इसके आर्थिक पक्ष का विरोध किया | दक्षिण पंथी विचारको ने इसके सांस्कृतिक पक्ष का विरोध किया जिसमे टी.वी. चैनलों पर पश्चिमी प्रभाव प्रभाव तथा वैलेन्टाइन डे आदि शामिल है |
- एक इंटरनेशनल रिसर्च के दावे के अनुशार :- विश्व व्यापार में अमेरिका और यूरोपीय भागीदारी घट रही है और विकासशील देश अपनी बढ़ती उपभोक्ता मागों, खास जरूरतों और सस्ते यातायात के करण आपस में ज्यादा-से-ज्यादा व्यापार करने लगे है |
- अमेरिका व यूरोपीय कंपनी के लिए एशिया में कारोबार स्थापित करना तो आसन है लेकिन लगत और कीमत के अनुपात में स्थनीय उत्पादों से मुकाबला कर पाना कठिन है वे कम लगत और सीमित मार्जन का मत्रं जानती है |
- समान आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों वाले देश एक दूसरे की जरूरतों को बेहतर समझने है जैसे:- भारत के ग्रामीण रास्तो पर पंचर न होने वाले टायरों के चीन न समझा |

**Q1. वैश्वीकरण के बारे में कौन-सा कथन सही ?**

(क) वैश्वीकरण सिर्फ आर्थिक परिघटना है |

(ख) वैश्वीकरण की शुरूआत 1991 में हुई |

(ग) वैश्वीकरण और पश्चिमीकरण समान है |

(घ) वैश्वीकरण एक बहुआयामी परिघटना है |

**Q2. वैश्वीकरण के प्रभाव के बारे में कौन-सा कथन सही है ?**

(क) विभिन्न देशों और समाजों पर वैश्वीकरण का प्रभाव विषम रहा है |

(ख) सभी देशों और समाजों पर वैश्वीकरण का प्रभाव समान रहा है |

(ग) वैश्वीकरण का असर सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित है |

(घ) वैश्वीकरण से अनिवार्यतया सांस्कृतिक समरूपता आती है |

**Q3. वैश्वीकरण के कारणों के बारे में कौन-सा कथन सही है ?**

(क) वैश्वीकरण का एक महत्वपूर्ण कारण प्रौधोगिकी है |

(ख) जनता का एक खास समुदाय वैश्वीकरण का कारण है |

(ग) वैश्वीकरण का जन्म संयुक्त राज्य अमरीका में हुआ |

(घ) वैश्वीकरण का एकमात्र कारण आर्थिक धरातल पर पारस्परिक निर्भरता है |

**Q4. वैश्वीकरण के बारे कौन-सा कथन सही है ?**

(क) वैश्वीकरण का संबंध सिर्फ वस्तुओं की आवाजाही से है |

(ख) वैश्वीकरण में मूल्यों का संघर्ष नहीं होता |

(ग) वैश्वीकरण के अंग के रूप में सेवाओ का महत्व गौण है |

(घ) वैश्वीकरण का संबंध विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव से है |

**Q5. वैश्वीकरण के बारे में कौन-सा कथन गलत है ?**

(क) वैश्वीकरण के समर्थकों का तर्क है कि इससे आर्थिक स्मीदी बढगी |

(ख) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इससे आर्थिक असमानता और ज्यादा बढ़ेगी |

(ग) वैश्वीकरण के पैरोकारों का तर्क है इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी |

(घ) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी |

**Q6. विश्वव्यापी' पारस्परिक जुड़ाव क्या है ? इसके कौन-कौन से घटक है ?**

**Q7. वैश्वीकरण में प्रौधोगिकी का क्या योगदान है ?**

**Q8. वैश्वीकरण के संदर्भ में विकासशील देशों में राज्य की बदलती भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें ?**

**Q9. वैश्वीकरण की आर्थिक परिणतियाँ क्या हुई है ? इस सन्दर्भ में वैश्वीकरण ने भारत पर कैसे प्रभाव डाला है ?**

**Q10. क्या आप इस तर्क से सहमत है कि वैश्वीकरण से सांस्कृतिक विभिन्नता बढ़ रही है ?**

**Q11. वैश्वीकरण ने भारत को कैसे प्रभावित किया है और भारत कैसे वैश्वीकरण को प्रभावित कर रहा है ?**

**एक अंकीय प्रश्न :-**

**Q1. वैश्वीकरण का स्पष्ट कीजिए |**

**उतर :** स्मरणीय बिन्दु

**Q2. वैश्वीकरण के कौन-कौन से प्रभाव होते है ?**

**उतर :** आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक तथा संस्कृतिक

**Q3. आर्थिक वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ?**

**उतर :** विभिन्न देशों में आर्थिक प्रवाह तेज होना

**Q4. वैश्वीकरण का एक सकारात्मक प्रभाव लिखिये |**

**उतर :** तकनीकी ज्ञान और पूंजी का विकास हुआ

**Q5. वैश्वीकरण का एक नकारात्मक प्रभाव लिखिये |**

**उतर :** गरीब देशो का आर्थिक शोषण

**Q6. मैकडोनाल्डीकारण से आप क्या समझते हो ?**

**उत्तर :** विभिन्न सांस्कृतियों पर अमेरिकी संस्कृति का प्रभाव

**Q7. भारत ने सन 1991 में आर्थिक सुधारों की योजना क्यों आरम्भ की ?**

**उत्तर :** वितीस संकट दूर करना तथा उची आर्थिक विकास दर प्राप्त करना

**Q8. वैश्वीकरण के विरोध के विश्वव्यापी मंच का नाम लिखिये |**

**उत्तर :** वलर्ड सोशन फोरम (W.S.F.)

**Q9. भारत में किन संगठनों ने बहुराष्ट्रीय नियमो के प्रवेश का विरोध किया ?**

**उत्तर :** किसानों तथा ओधोगिक मजदूरों ने

**Q10. निम्न लिखित वाक्य को सही करके पुन: लिखिये |**

"वैश्वीकरण के कारण राज्य की अहस्तक्षेपवादी प्रव्रीती के बजाज क्ल्यान्कारी प्रवीती को बढ़ावा मिला है |"

**उत्तर :** क्ल्यान्कारी प्रवृति के बजाय अहस्तक्षेप्वादी प्रवृति को बढ़ावा मिला है |

**Q11. वर्तमान समय में विश्व में कौन सी विचार धारा पाई जाती है ?**

**उत्तर :** उदारीकरण,वैश्वीकरण

**Q12. संचार के क्षेत्र में तीन क्रांतिकारी साधनों के नाम लिखिए ?**

**उत्तर :** टेलीग्राफ,टेलीफोन व माइक्रोचिप

**Q13. व्यापार संतुलन क्या है ?**

**उत्तर :** किसी देश के कुल आयात और निर्यात मूल्यों का अंतर यदि बराबर हो तो व्यापार संतुलन होगा |

## दो अंकीय प्रश्न :-

**Q1. संचार क्रांति का आगमन किन आविष्कारो के कारण हुआ ?**

**उत्तर :** टेलीफोन, टेलीग्राफ तथा माइक्रोचिप

**Q2. विज्ञान तथा प्रौधोगिकी के कारण क्या आसन हो गया है ?**

**उत्तर :** विचार, व्यक्ति, वस्तु, पूंजी की आवाजाही आसान हुई

**Q3. विश्व व्यापी आपसी जुड़ाव से आपका क्या आशय है ?**

**उत्तर :** विश्व के लोगो में आपस में जुड़े होने की भावना

**Q4. वैश्वीकरण के कारण राज्यों ने अपने को किन कार्यो तक सीमित कर दिया ?**

**उत्तर :** कानून व्यवस्था बनाये रखना तथा नागरिक सुरक्षा तक

**Q5. विज्ञान तथा प्रौधोगिकी के विकास से राज्य की क्षमता में कैसे व्रीदी हुई है ?**

**उत्तर :** नागरिकों के बारे में सुचना एकत्र करके प्रभावी कार्य करना

**Q6. सामाजिक सुरक्षा कवच से आपका क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर :** आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को वैश्वीकरण के प्रभावों से बचाने के संस्थानिक उपाय

**Q7. वैश्वीकरण से विश्व में वस्तुओं के व्यापार पर क्या प्रभाव हुआ है ?**

**उत्तर :** (A) विभिन्न देशों में अपने आयात प्रतिबंधो में कमी

(B) पूंजी के आवागमन पर रोक कम हुई

**Q8. सांस्कृतिक समरूपता तथा सांस्कृतिक विभिन्नता से आपका क्या आशय है ?**

**उत्तर :** साँस्कृतिक समरूपता - विश्व संस्कृति के नाम पर दूसरे देशों पर अमेरिका की संस्कृति लादना |सांसकृतिक विभिन्नीकरण- विश्व में सभी संस्कृतियां पहले की अपेक्षा वर्तमान में कहीं ज्यादा विशिष्ट होता जा रही है |

**Q9. वलर्ड सोशल फोरम के तहत कौन-कौन से समूह वैश्वीकरण का विरोध कर रहे है ?**

**उत्तर :** मानवाधिकार कार्यकर्ता, पर्यावरणवादी , महिला कार्यकर्ता, मजदूर तथा युवा कार्यकर्ता एक्जुक होकर |

**Q10. बहुराष्ट्रीय निगम से आप क्या समझते हो ?**

**उत्तर :** वह कंपनी जो एक से अधिक दिशो में आर्थिक गतिविधियां चलाती है |

**Q11. क्या समराज्यवाद ही वैश्वीकरण है स्पष्ट कीजिए |**

**उत्तर :** नही साम्राज्यवाद में एक देश अपनी सीमा के बहार के क्षेत्र के लोगो पर आर्थिक तथा राजनीतिक कब्जा करता है जबकि वैश्वीकरण में राजनीतिक हस्तक्षेप नही होता है |

**Q12. कल और आज के वैश्वीकरण में क्या अंतर है ?**

**उत्तर :** पहले समय में वस्तु तथा तैयार माल का आवागमन था | परन्तु अब व्यक्ति वस्तु विचार पूंजी तकनीक तथा कच्चे मॉल का भी आवागमन है |

**Q13. दो महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थाओ के नाम बताइए ?**

**उत्तर :** अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष विश्व व्यापार संघठन

**Q14. भारत वैश्वीकरण को किन तरीको से प्रभावित कर रहा है कोई दो कारण दीजिए ?**

**उत्तर :** भारतीय लोग विदेशो में जाकर अपनी सस्कृति व रीति-रिवाज को बढ़ावा डे रहे है | भारत में उपलब्ध सस्ते श्रम ने विश्व को आकर्षित किया है |

## चार अंकीय प्रश्न :-

**Q1. वैश्वीकरण में विज्ञान तथा प्रौधोगिकी का क्या योगदान है ?**

**उत्तर :** (A) टेलीफोन टेलीग्राफ तथा माइक्रोचिप से संचार क्रांति

(B) हमारे विचारो पर प्रोधोगिकी का प्रभाव पड़ा

(C) परिवहन साधनों से आवाजाही सुगम हुई

(D) राज्यों की सीमओं को समाप्त सा कर दिया |

(E) समय, स्थान तथा दूरी प्राय:समाप्त

**Q2. वैश्वीकरण की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए |**

**Q3. वैश्वीकरण के विश्व व्यापी विरोध की विवेचना कीजिए |**

**Q4. वैश्वीकरण के राजनीतिक प्रभावों का उल्लेख करो |**

**Q5. वैश्वीकरण के सांस्कृतिक पक्ष की व्याख्या कीजिए |**

**Q6. आप कल्पना कीजिए कि क्या भविष्य में वैश्वीकरण भविष्य में जरी रहेगा ?**

**उत्तर :** हाँ,क्योंकि

(A) प्रत्येक व्यक्ति तथा देश एक दूसरे पर निर्भर होगा

(B) कोई भी व्यक्ति अपनी आवश्यकता स्वयं पूरी नही कर सकता

(C) क्षत्रीय व अन्तराष्ट्रीय संघठनों का निर्माण आपसी निर्भरता के कारण

(D) भविष्य में विश्व सहयोग बढ़ेगा तथा विकसित देश दूसरे देशो का शोषण के बजाय सहयोग करेगे|

**Q7. प्रस्तुत कार्टून देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दो |**

(A) इस कार्टून में वैश्वीकरण के किस प्रभाव को दिखाया गया है ?

(B) यह कार्टून किस बात की तरफ इशारा कर रहा है ?

**उतर :** (A) सासंकृतिक प्रभाव को दिखाया गया | सांसकृतिक प्रभाव के कारण विश्व संस्कृति के जन्म की बजाय पश्चिमी संस्कृति को लादा जा रहा है | न चाहते हुई भी सॉंस्कृतिक वर्चस्व को स्वीकारना पड़ता है और अमेरिका नये बाजारों पर कब्जे करता जा रहा है |

(B) मैकडोनल्डिकरण की तरफ इशारा कर रहा है जिसमे विभिन्न सांस्कृतिकयों का अमेरिकी संस्कृति के रंग में रंग जाती है |

**Q8. नीचे दिए गए कार्टून देख कर निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दे ?**

(A) कल और आज से क्या अभिप्राय है ?

(B) वैश्वीकरण के चार खतरे बताइये ?

## छ : अंकीय प्रश्न :-

**Q1. वैश्वीकरण को प्रेरित करने वाली कौन सी परिस्थितियाँ (कारण) रही है ?**

**Q2. भारत को वैश्वीकरण ने कैसे प्रभावित किया तथा भारत कैसे वैश्वीकरण को प्रभावित कर रह है?**

**Q3. भारत में वैश्वीकरण की प्रक्रिया के लिए क्या-क्या प्रयास किये है ?**

**उत्तर :** (A) व्यापार नीति में सुधार

(B) ओधिगिक नीति में सुधार

(C) पूंजी बाजार में सुधार

(D) सरकारी उपक्रम, बीमा में प्रतियोगिता

(E) विश्व व्यापार संगठन का प्रभाव- अनेक वस्तु से सीमा शुल्क हटाया

(F) सरकार द्वारा प्रदत रियायतों का अंत

(G) निजी बैक खोलने की अनुमति

(H) बहु राष्ट्रीय कम्पनीयों को व्यापारिक गतिविधियों की छुट

**Q4. वैश्वीकरण के भारत की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव हुए है ? विवेचना कीजिए |**

**उतर :** (A) सकारात्मक प्रभाव -

1. उत्पादकता सुधार से जीवन स्तर सुधारा |

2. प्रतियोगिता से कार्य कुशलता में वीरिदी

3. कम कीमत पर अच्छी सेवा तथा वस्तु उपलब्ध

4. निर्यात व्रिदी से विश्व व्यापार में भारत का योगदान बढ़ा

5. रोजगार के नये अवसरों का निर्माण

6. स्वदेशी प्रोधोगिकी में सुधार हुआ

(B) नकारात्मक प्रभाव -

1. टेक्नोलोजी से बेरोजगारी बढी

2. प्रतियोगिता के कारण छोटे उधमी बाहर

3. गरीब लोगो की संख्या में वीरिदी

4. कम कुशल श्रमिको पर बुरा प्रभाव